सकारात्मक- सूचनात्मक उपयोगी समाचार

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ–153–2022–2024
RNI No. UPHIN/2009/31760
प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981

हिन्दी साप्ताहिक

# श्रम शिखर

केन्द्र सरकार, राज्य सरकार उत्तर प्रदेश, विद्युत विभाग से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत

आनंद रामायण
YouTube Channel
@Shram Shikhar
@Sadbhavna Waves
WATCH SHARE & SUBSCRIBE
ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज लाईव/ रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।
M. 9219660359

श्रीकृष्णा भवन ( गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स) 283, वैस्टर्न कचहरी मार्ग, मेरठ। फोन: 0121-2641338 E-mail : shramshikhar@gmail.com

वर्ष 16 | अंक 38 | 16 सितम्बर सोमवार से 22 सितम्बर रविवार 2024 तक | पृष्ठ 04 | मूल्य 8रु/-

## शासन-प्रशासन जानकारियां

# मेरठ कैंट का सम्पूर्ण सिविलियन क्षेत्र नगर निगम मे शामिल कराने में लगे कैंट विधायक

### मेरठ कैंट का सिविलियन क्षेत्र करीब 1454 एकड़ मे है

इसमें से मात्र 400 एकड़ जमीन सिविलियन क्षेत्र की छावनी क्षेत्र के ही नगर निगम से हस्तांरित कराना कैंट बोर्ड एंव सेना अधिकारी उचित मानते है छावनी बोर्ड स्तर पर 400 एकड सिविल क्षेत्र को हस्तांरण का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

इस प्रस्ताव का मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल द्वारा एतराज किया है और छावनी बोर्ड और छावनी बोर्ड के प्रस्ताव में खामियां इंगित की है। यह जानकारी विधायक के द्वारा अपने निवास पर पत्रकार वार्त्ता में बतलाई है इनका यह भी कहना है कि छावनी क्षेत्र करीब 72 हजार की आबादी अंग्रेजी समय से गुलामिया झेल रही है। अब तो उन्हें इंसाफ मिलना चाहिए। इसके लिए वह दिल्ली, लखनऊ कही तक भी अपनी बात व इस जनता की आवाज उठाते रहेगें। उनका कहना है कैंट बोर्ड के प्रस्ताव की कामियां जिलाधिकारी व कैंट बोर्ड सीईओं अधिकारी को बता चुके है। इनका कहना है सम्पूर्ण सिविलियन क्षेत्र के ही नगर निगम को हस्तान्तरण से ही कैंट निवासियों को राहत मिलती है।

यह सत्य है कि मेरठ नगर निगम का क्षेत्र कैंट क्षेत्र के बाहरी व कैंट के सिविलियन क्षेत्र के ईद गिर्द होने से नगर निगम की राज्य मदद की योजनाओं का अपेक्षा अनुरूप क्रियान्वयन व लाभ नही मिल पा रहा है। कैंट का सिविलियन क्षेत्र नगर निगम को मिलने के बाद योजनाओं का अधिक बेहतर लाभ मिल सकेगा।




बड़े-छोटे नाले, नालिया हो या सड़को का रखरखाव या फिर वाहन आवागमन पैट्रोचालित तिपाहिया आदि का नियन्त्रण पर...

सद्भावना समिति वरिष्ठ नागरिक फोरम का यह भी कहना है। कि कैंट विधायक छावनी क्षेत्र को नगरर निगम को सिविल क्षेत्र दिलाने से पूर्व यह भी तो सुनिश्चित कर लें की नगर निगम का वर्तमान क्षेत्र व उसमें रहने वाली जनता की हालत क्या इस स्थिति में है कि वह कैंट क्षेत्र के सिविल क्षेत्र की 72 हजार आबादी की जरूरतों को उनको मिल रही है। वर्तमान व्यवस्था से बेहतर देने की स्थिमि में है।

मेरठ की नगर निगम की जनता की अपेक्षाओं में ही नगर निगम खरा नही उतर रहा है यहां की सड़के, कुड़ा उठाने की स्थिति पीने के पानी की आपूर्ति, सीवर, सड़के पथ प्रकाश किसी भी स्तार पर संतोष जनक नही है इस पर कैंट क्षेत्र की 12 करोड़ सिविलियन का मार मेरठ नगर निगम व उठाने में अभी तो सक्षम दिखाया नही है।

बेहतर हो....

मेरठ कैंट व शहर विधायक कैंट का सिविलियन क्षेत्र नगर निगम में शमिल कराने पर शाक्ति लगाने की अपेक्षा नगर निगम के वर्तमान निवासियों की जरूरतों यहां की स्वच्छता प्रकाश, सड़क आदि के रखरखाव व नाले की देख-रेख की व्यवस्था पर तो अपेक्षा अनुरूप नियन्त्रण करायें।

कैंट सिविलियन क्षेत्र नगर निगम मे शामिल कराने का कार्य एकमात्र मेरठ में तो होना नही है सेना क्षेत्र की देश भर में सैनिक छावनी क्षेत्र में सिविलियन क्षेत्र को एक नीतिगत एवं सेना सुरक्षा व भविष्य की जरूरतों को दृष्टिगत रखते ही स्थानान्तरित करना है मेरठ हो या अन्य सीान उसका सिविलियन क्षेत्र का उतना ही हिस्सा हस्तांतरित करना है जो सेना की सुरक्षा व भविष्य की जरूरतों से पूर्णत: अलग है। कैंट क्षेत्र का अनेक छावनी में शक ऊंची किमतों, भवन या अन्य संसाधन की भरमार है इसका सेना स्तर से इस्तेमाल संभंव हो पा रहा है। सिविलियन क्षेत्र को कैंट से निगम को हस्तांतरित होते ही व किमती भूमि व भूतप में बग्लों की लूट-घसौट देखने लायक होगी। कैंट क्षेत्रों की सुरक्षा एंव व्यवस्था पहले स्थान पर है

– श्रीमति मेघा अभिलाष




Print | Outdoor | Electronic | Signage | Film | Event | Magazine | Digital Media | Media International | Awareness Program | All News Paper
R- Reliable R-Reas onable
RR ADVERTISING SERVICES
Estd. 1979
Ph. 0121-2641338, 9412203620, 9219660360 | Email- rradvertisingmeerut@gmail.com

# सम्पादकीय



## झोला छाप चिकित्सा पेशें के साथ खिलवाड़ न कर सकें चिकित्सा विभाग के लोगों की अनदेखी पर कार्यवाही हो

### ऐलोपैथी की डिग्री एमबीबीएस खुद एंव बीयूएमएस



*अपनी पत्नी को बीयूएमएस नाम के साथ लगाकर उ०प्र० के मुरादाबाद के ठाकुर द्वारा में अस्पताल खोलने वाला शाहनवाज बीयूएमएस की डिग्री धारक नही बाल्कि झोला छाप है। इसका खुलासा मिला आयुर्वेदिक एंव यूनानी चिकित्सा अधिकारी ने किया है। कि इस नाम से कोई पंजीकरण नही है।*

*बिना डिग्री या चिकित्सा की पढाई किए मुरादाबाद के ठाकुर द्वारा में अपनी पत्नी के साथ ऑपरेशन प्रसूति के मामले की जांच करने वाला शाहनवाज अगस्त माह में अपने यहां कार्यरत् एक दलित नर्स साथ बलात यौनाचारे करने पर सुर्खियों में आया और उसकी चिकित्सीय काबलियत का खुलासा हुआ।*

*शाहनवाज द्वारा अपने यहां एमबीबीएस पंजीकृत डॉ० हिमान्शू चौधरी व सर्जन डॉ० सरताज आलम के नाम पर इस अस्पताल को चला रहा था। एवं खुद का एमबीएम एंव पत्नी को बीयूएसएम का उल्लेख किया हुआ था। शाहनवाज तो यौनाचार के मामले में पुलिस केस दर्ज होने पर गेल में है। परन्तु गलत पहचान से कार्य करने का मामला शाहनवाज के नाम से दर्ज न होने तथा पत्नी के प्रसूति मामले करने के लिए अधिकृत न होने पर भी यह कार्य करने व एमबीबीएस डॉ० हिमान्शू व सर्जन डॉ० सरताल आलम के द्वारा इस अनधिकृत अस्पताल अनधिकृत संचालक को अपनी शैक्षिकता का लाभ उठाने देने के लिए इनके विरूद्ध मामला दर्ज न होने पर आश्चर्य व्यवस्था हो रहा है।*

***अखिल भारतीय लोकधिकार संगठन का कहना है कि गलत व अनाधिकार कार्य के लिए शाहनवाज व उसकी पत्नी व सहयोगी चिकित्सकों के खिलाफ अपराधिक मामला दर्ज करने के साथ अस्पताल को चलने देने के लिए सरकारी चिकित्सा स्तर पर भी प्रेरक कार्यवाही होनी चाहिए ताकि उच्च स्तर से इस तरह के अनधिकृत कार्यवाही में बेहतर जिम्मेदारी निर्वहन हो तथा ऐसे मामले न बढ़े, अनजान ऐसे लोगों के द्वारा अनजान ऐसे लोगों के द्वारा उत्पीड़न न हो सके।***

*– श्रम शिखर ब्यरो*


# दीवारों, छतों पर खेती (फार्मिंग)

★ सुन्दरता ★ प्रकृति की नजदीकी
★ ऑक्सीजन बढ़ायें ★ सब्जियां उगायें
★ किचन फार्मिंग शौक का लाभ
★ वर्टिकल गार्डन (आर्गेनिक खेती)
★ हाइड्रोपोनिक्स (पानी में खेती)

सम्पर्क: स्वामी आत्मोकामरान, मो0 9412843670
सद्भावना समिति (पंजी0), श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ
sadbhawnaa.com


## रेसिपी-स्पेशल

### डिनर में बनाना चाहते है मटर पुलाव तो ये आसान तरीका....

मटर पुलाव एक बेहद स्वादिष्ट फूड डिश है और ये आपके खाने का स्वाद काफी बढ़ा देती है. आप इस रेसिपी को लंच या डिनर किसी भी वक्त बनाकर खा सकते हैं. अगर रात में कुछ हल्का खाने का मूड है तो मटर पुलाव एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है.

मटर पुलाव बनाने के लिए सामग्री



चावल – ½ कप, टमाटर – 2 आलू – 2,

प्याज – 2-3, हरी मिर्च – 2-3

अदरक-लहसुन पेस्ट – 2 टी स्पून

जीरा – 1 टी स्पून, हल्दी – 1/2 टी स्पून

गरम मसाला – 1/2 टी स्पून

बिरयानी मसाला – 1/2 टी स्पून

लाल मिर्च पाउडर – 1/2 टी स्पून, बड़ी इलायची – 2, छोटी इलायची – 2

हींग – 1 चुटकी, दालचीनी – 2 टुकड़े, हरा धनिया कटा – 2 टेबलस्पून

नींबू – ½, तेजपत्ता – 2, तेल – 2 टेबलस्पून, नमक – स्वादानुसार

मटर पुलाव बनाने की विधि

मटर पुलाव बनाने के लिए सबसे पहले चावल को साफ कर पानी से धोएं इसके बाद कुछ देर के लिए चावल पानी में भिगोकर रख दें. अब प्याज, टमाटर, हरी मिर्च और आलू के टुकड़े काट लें. इसके बाद कुकर में तेल डालकर उसे मीडियम आंच पर गर्म करें. जब तेल गर्म हो जाए तो उसमें जीरा और हींग डालकर भूनें. जब जीरा चटकने लगे तो बारीक कटा प्याज, हरी मिर्च, आलू और मटर डालकर उसे करछी से चलाते हुए हल्का सा भून लें.इसके बाद इस मिश्रण में लाल मिर्च पाउडर, हल्दी पाउडर सहित अन्य सूखे मसाले डालें और करछी से मिलाकर अच्छी तरह से भूनें. दो-तीन मिनट तक भूनने के बाद जब प्याज और टमाटर एकदम नरम हो जाएं तो भिगोये चावल कुकर में डालें और चलाते हुए कुछ देर तक भूनें. इसके बाद कुकर में जरूरत के मुताबिक पानी डालकर ढककर 10 मिनट तक पकाएं. आप चाहें तो कुकर का ढक्कन लगाकर 2-3 सीटी भी ले सकते हैं.तय समय के बाद गैस की फ्लेम को बंद कर दें और ढक्कन खोलकर देखें की पुलाव पूरी तरह से तैयार हुआ है या नहीं. अगर चावल पूरी तरह से पके ना हों तो उन्हें कुछ देर तक और पकने दें. अगर आपके कुकर में सीटी दी है तो कुकर का प्रेशर अपने आप रिलीज होने दें उसके बाद ढक्कन खोलें. आपका स्वादिष्ट मटर पुलाव बनकर तैयार हो चुका है. इसे सर्विंग प्लेट में निकालकर हरी धनिया पत्ती से गार्निश करें और नींबू का रस डाल दें.


## हर उम्र के जन-जन को आमन्त्रण -विकास में सहभागी बनिये

प्रजातंत्र में जनता शासक है,अधिकारो के साथ कर्तव्य निभाइयें स्वम विकसित हो, सेवक जन-प्रतिनिधियों को विकास के लिए नियमित मार्गदर्शन दीजिये। यक्तिगत/ सामूहिक (शिक्षण, संस्थान, प्रोफेशनल कॉलिज आदि) निम्न /विभिन्न विषयों पर अपने विचार अभिव्यक्त करें।

- मंहगाई विकास के लिए आवश्यक है।
- सेवक जनप्रतिनिधियो का कैसे सहयोग करें।
- अपने क्षेत्र में विकास की संभावनाएं।
- अपनी विशेषताएं एंव समाजिक योगदान।

सद्भावना समिति (पंजी०)
YouTube Channel @Sadbhavna Waves @Shram Shikhar
श्रीकृष्ण भवन 283, वैस्टर्न कचहरी रोड , मेरठ मो० 9219660359 9675834737

वार्षिक सदस्यता खुली है | वॉलटियर, मीडिया सैल्स पर्सन
हर गाँव-शहर में पत्रकार,चिकित्सा केन्द्र में पंच करना,नचरोपैथी, वर्कर, डॉक्टर अपना बायोडाटा भेजें
मेरठ में अपने निकटवर्ती नि:शुल्क योग केन्द्र में आयें- योग विज्ञान - 9412208038 भारतीय योग - 9412802511



सकारात्मक-सूचनात्मक उपयोगी समाचार प्रथम प्रकाशन 2 अक्टूबर 1981
E-Paper :shramshikhar.com
केन्द्र सरकार, राज्य सरकार, उत्तर प्रदेश विद्युत विभाग एवं भारतीय रेलवे से विज्ञापनों हेतु स्वीकृत डाक- पंजीकरण संख्या-मेरठ 153.2022.2024 RNI No.UPHIN /2009/31760
साप्ताहिक अखबार श्रम शिखर श्रीकृष्ण भवन (लेन अपोजिट शिव लोक कॉम्पलैक्स), 283/1, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ, मो0 9219660359
प्रधान सम्पादक : सुनीता रानी 9897373736
प्रबन्धक : राकेश गुप्ता 9219660359
बिक्री प्रबन्धक : अश्विनी गुप्ता 9358402365
इंटरनेट प्रबन्धक : मेघा अग्रवाल 9219660359
संरक्षक : ब्रज भूषण 9457213164
कानूनी सलाहकार : दिनेश कुमार चतुर्वेदी एडवोकेट :0121-2760145, 9720171549
मार्केटिंग टीम : 9219660359, 9411990449,
वरिष्ठ नागरिक संयोजक श्री सुदेश चन्द्र शर्मा पुत्र पं0 होराम शर्मा 245 खारी कुंआ कोतवाली मेरठ, 8630180430
उ0प्र0 ब्यूरोचीफ : अभिलाष गुप्ता 9412203620 प्रभारी दिल्ली एवं महाराष्ट्र : मंजरी गुप्ता, 42 अनामिका अपार्टमेन्ट इन्द्रप्रस्थ विस्तार पटपड़गंज, नई दिल्ली-92 202, बाहर बिल्डिंग, दूरदर्शन हाउसिंग सोसाइटी, गोकुल धाम, अंधेरी ईस्ट, मुम्बई-63

श्रमशिखर कार्यालय

मेरठ–श्रीकृष्ण भवन,283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ। (0121–2641338) सद्भावना 68ए सांईपुरम, दिल्ली रोड, मेरठ। (9219660359), उत्तराखण्ड – श्री राजेश कुमार गुप्ता, श्री ओम वैष्णव भोजनालय, 78 गांधी रोड, देहरादून (9411548998), गाजियाबाद–(09540018282), अमित कुमार, 705 सी टॉवर, सातवां तल, जी0एच0 1/1, सैक्टर 01, ग्रीन एक्सप्रेस, वैशाली गाजियाबाद,उ0प्र0 09560115905) दिल्ली–राखी मित्तल–एफ–1, त्रवेणी कॉम्पलेक्स शेख सराय फेस–1, न्यू दिल्ली–110017 मो0 9868511922 हरियाणा– राखी मित्तल, रीचमण्ड पार्क डीएलएफ, फेस–4, गुडगांव हरियाणा। मो0 9868511922 मुजफ्फरनगर–विजय बुक स्टोर, मेन रोड, गांधी कॉलोनी, मुजफ्फरनगर। फोन: 9897185208, 9152911899 दिल्ली– Ankit Sisodia GF - 89, Kailash Hills, East of Kailash, New Delhi-110065 श्रीमती रंजीता गर्ग, बी–120, शॉप नं.5,पांडव नगर दिल्ली मो. 9911808555 लखनऊ– अजय श्रीवास्तव, 3/20,विकास नगर लखनऊ फोन9335208218, मुम्बई–अचल गुप्ता, बी– 1603 सनटैक सिटी, गोरेगांव वेस्ट मुम्बई मो.20939916, सरधना–महेश गुप्ता, न्यूज पेपर एजेन्ट मौहल्ला –गुजरान,सरधना, मेरठ । श्रीमति नेहा गोयल फ्लैट नं0 1207 गोमेड ब्लॉक "माई होम जैवल" मदीनागुड़ा हैदराबाद 500049

डाक पंजीकरण संख्या–मेरठ
153-2022-2024 RNI No. UPHIN/2009/31760
मालिक, प्रकाशक, मीना भूषण ने मुद्रक प्रिंटिंग – इम्प्रेशन्स प्रिंटिंग – पैकेजिंग लिमिटेड, 164/1, मोहकमपुर, दिल्ली रोड़, मेरठ– 250002 से मुद्रित कराकर श्रीकृष्ण भवन, गली अपोजिट शिवलोक कॉम्पलैक्स, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड मेरठ से प्रकाशित किया।
सम्पादक: सुनिता रानी
प्रबन्धक: राकेश गुप्ता
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों एवं लेख के चयन एवं सपांदन हेतु जी. आर.वी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तर दायी समस्त विवाद मेरठ न्यायालय के अधीन ही होगें।



इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



MATRIMONAL
वैवाहिक परिचय:- वैवाहिक विज्ञापन में कार्य समूह और आर. एच. फैक्टर जांच कराकर प्रकाशित करायें। यह जन्मपत्री के साथ विज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिलान है आवश्यकता/उपलब्धता




# केवल ध्यान कि फ्रिक करो, जानो मौन का महत्व .... ओशो

यहां आने के आधा घंटे पहले से ही चुप हो जाएं। कुछ मित्र जो तीनों दिन मौन रख सकें, बहुत अच्छा है, वे बिलकुल ही चुप हो जाएं। और कोई भी चुप होता हो, मौन रखता हो, तो दूसरे लोग उसे बाधा न दें, सहयोगी बनें। जितने लोग मौन रहें, उतना अच्छा। कोई तीन दिन पूरा मौन रखे, सबसे बेहतर। उससे बेहतर कुछ भी नहीं होगा। अगर इतना न कर सकते हों तो कम से कम बोलेंकृइतना कम, जितना जरूरी होकृ टेलीग्रैफिक। जैसे तारघर में टेलीग्राम करने जाते हैं तो देख लेते हैं कि अब दस अक्षर से ज्यादा नहीं। अब तो आठ से भी ज्यादा नहीं। तो एक दो अक्षर और काट देते हैं, आठ पर बिठा देते हैं। तो टेलीग्रैफिक! खयाल रखें कि एककृएक शब्द की कीमत चुकानी पड़ रही है। इसलिए एककृएक शब्द बहुत महंगा हैय सच में महंगा है। इसलिए कम से कम शब्द का उपयोग करेंय जो बिलकुल मौन न रह सकें वे कम से कम शब्द का उपयोग करें। और इंद्रियों का भी कम से कम उपयोग करें। जैसे आंख का कम उपयोग करें, नीचे देखें। सागर को देखें, आकाश को देखें, लोगों को कम देखें। क्योंकि हमारे मन में सारे संबंध, एसोसिएशस लोगों के चेहरों से होते हैंकृवृक्षों, बादलों, समुद्रों से नहीं। वहां देखें, वहां से कोई विचार नहीं उठता। लोगों के चेहरे तत्काल विचार उठाना शुरू कर देते हैं। नीचे देखें, चार फीट पर नजर रखेंकृ चलते, घूमते, फिरते। आधी आंख खुली रहे, नाक का अगला हिस्सा दिखाई पड़े, इतना देखें। और दूसरों को भी सहयोग दें कि लोग कम देखें, कम सुनें। रेडियो, ट्रांजिस्टर सब बंद करके रख दें, उनका कोई उपयोग न करें। अखबार बिलकुल कैंपस में मत आने दें। जितना ज्यादा से ज्यादा इंद्रियों को विश्राम दें, उतना शुभ है, उतनी शक्ति इकट्ठी होगीय और उतनी शक्ति ध्यान में लगाई जा सकेगी। अन्यथा हम एग्झास्ट हो जाते हैं। हम करीबकृकरीब एग्झास्ट हुए लोग हैं, जो चुक गए हैं बिलकुल, चली हुई कारतूस जैसे हो गए हैं। कुछ बचता नहीं, चौबीस घंटे में सब खर्च कर डालते हैं। रात भर में सोकर थोड़ाकृबहुत बचता है, तो सुबह उठकर ही अखबार पढना, रेडियो, और शुरू हो गया उसे खर्च करना। कंजरवेशन ऑफ एनर्जी का हमें कोई खयाल ही नहीं है कि कितनी शक्ति बचाई जा सकती है। और ध्यान में बड़ी शक्ति लगानी पड़ेगी। अगर आप बचाएंगे नहीं तो आप थक जाएंगे। जिन खोजा तिन पाइयां - ओशो

## "बदलना" तय हैं!

"बदलना" तय हैं!
हर चीज का इस संसार में बस कर्म अच्छे करें किसी का "जीवन" बदलेगा, किसी का "दिल" बदलेगा, और किसी के "दिन" बदलेंगे!!! कल की चिंता नहीं, 'कल की उत्सुकता होनी चाहिए जो यह कला सीख जाता है वही,सही मायनों में जीवन का आनंद ले पाता है.......

## हमारे बुजुर्ग-हमारी सम्पदा (मार्ग -दर्शक हमारे वरिष्ठ नागरिक)

वरिष्ठ नागरिक परिचय पुष्प है जिसकी सुगंध से समाज को उनके अनुभवों द्वारा लाभन्वित किया जा सकता हैं। क्योकि प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक एक स्वयं संस्थान है । जिसके द्वारा युवा पीढ़ी मार्गदर्शन प्राप्त कर विकास के पथ पर अग्रसर होगी।वरिष्ठ नागरिक फोरम सद्भावनाा समिति मेरठ का मिशन है। कि मेरठ के सभी वरिष्ठ नागरिकों की रचनात्मकता का सदुपयोग हो इसके लिए प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक का परिचय पत्र बनायें जायेगा तथा प्रत्येक वरिष्ठ नागरिक को श्रम शिखर समाचार पत्र की वर्षिक सदस्यता प्रदान की जायेगी जिससे वे अपने अनुभव, रचनाएं (कविता, कहानी, लेख आदि) श्रम शिखर में प्रकाशन हेतू भेज सके।

## स्वीकार करों..

ऊपर वाले ने जो दिया है। तुझकों,
स्वीकार करो जो दिया है उसने,
जब तुम कुछ कर ही नही सकते,
बस उसकी करनी को स्वीकार कर लेना।
जीवन में अधिकारो से आगे है कर्त्तव्य,
बस-तुम भी कर्त्तव्यों को करो आगे,
भूल जाओं अधिकारों को नही रहोगे दुखी,
जिस पर नही है अधिकार तुम्हारा,
क्यों ढुढतें हो खुशियां उनमें तुम।
जीवन की सत्यता को जुटलाना मत सीखों
रखों मन में धैर्य, विश्वास बस,
यही है सन्त जनों की सीख,
करो स्वीकार उस ऊपर वाले की रचना को
जिसने रचा यह सुन्दर शरीर,
बस बीत जायेगा यह जीवन तुम्हारा,
हो जायेगा जीवन तुम्हारा सुखी,
स्वीकार करो जो दिया है ऊपर वाले ने
जीवन हो जायेगा आनन्दित मार्ग भी।

## आंतरिक गुलाम

आजाद हुए हम गौरो सेमगर अभी
नही हुए औरों से।
जीत चुके हैं हम औरों से
मगर हारे हुए हैं अभी अपने
विचारों से।
छोटे को बड़ा ,बड़े को छोटा
समझना अभी छोड़ा नहीं।
जाति-पाति के कठोर नियमों से
मुख भी अभी मोड नहीं।
क्षितिज से आर जीवन से पार
अभी कुछ देखा नही ।
धर्म कर्म के नाम पर शोषण
अभी तक छोड़ा नही।
जीवन के तराजू पर कभी खुद
को तोला नही।
महोबत के नाम पर जिस्म का
शोषण अभी तक छोड़ा नही।

- ऊषा महेन्द्रिा
अवकाश प्राप्त शिक्षिका

## भाग्य और समय

भाग्य और समय की प्रबलता है,
बढ़कर एक से एक सुख ही नही,
कम एक-दूसरे से कोई भी नही ,
तीव्रता एक से एक बढ़कर है,
परस्पर दोनों की ।
लिखा भाग्य में वही अमर,
किन्तु-अपने विवेक, परिश्रम से ही
हम करते है। उसका प्रवाह सफल कम
स्वयं भी केवल बैठे भरोसे भाग्य के
ही जीवन में नही कुछ कर सकता है
जीवन में कोई भी।
चलों साथ लेकर समय को अपने,
समय है यदि विपरीत तुम्हारा जीवन में,
यदि विवेक से कर सकते है। उसकों।
शाक्ति से समय परिवर्तन हो सकता है। अत:
जीवन सफल बनाना है यदि तुमको
व्यसं - चलो साथ लेकर दोनों की ही नही
हो सकती है तीव्रता समाप्त दोनों ही
किन्तु धीरे-धीरे जीवन में आ जायेगी।
सफलता ही समाचार इन दोनों का महत्व ही
और जीवन में मर जाओगें कष्टों मे भी

## मौन शब्द की महिमा

हर कोई नही जानता महिमा मौन की, कितनी पुण्य व निर्मल है महिमा इसकी करती है दूर समस्त दुखों, विषमाताओं को ज्ञानी और विवेकी ही जानते है। इसको मिलती है शान्ति और आनन्द इससे कितनी मिटाती है सारा सुख समृद्धिदायक है कितनी मिटाती हैं। सारा दुख जीवन का यह पलभर में समय कट जाता है। इससे कितना सरल होकर। मौन करता है दूर सभी को कष्ठों से, मिलता है ज्ञान को प्रकाश इसकी महिमा से, करलो धारण इस मौनव्रत को सभी मर जाओगें जीवन में कष्ठों से सभी। इसकी महिमा को गाते है संत और विवेकी जन भी, आओ गाये मिलकर सभी इसकी महिमा को, मर जायेगा जीवन सभी का आनन्दित अपना, लो इस सुन्दर मौनवृत की महिमा सभी को...

- ऊषा महेन्द्रिा
अवकाश प्राप्त शिक्षिका

सद्भावना वरिष्ठ नागरिक फार्म, श्री रागव प्रसाद गर्ग, 7906716330, श्री ब्रजभूषण जी 9457213164, श्री सतय शील अग्रवाल 9412705969,
डायनामिक मैडिटेशन, श्री स्वामी निरव असीम 9219228529, 9412843670
वात्सल्य संवाद/अभीव्यक्ति श्रीमति अग्रवाल 9410037963, श्रीमति मेघा गुप्ता 9219660362, श्रीमति गरिमा मित्तल 9557981475
गोमती धारा आत्म दर्शन की, श्री राकेश गुप्ता 9219660359, श्रीमति सुनीता रानी 9897373736
सद्भावना स्कूल वैलनेल लाईफ, डॉ0 शरद मोहन मित्तल, 9259181149, डॉ सीमा वैश्य, 8449345555, डॉ पूजा जैन 9411685775

शिक्षा कार्यक्रम | शहर का विकास | धार्मिक कार्यक्रम | विभिन्न विषयो पर विडियो चर्चा | मानव कृतिम अंग

यातायात व्यवस्था | स्कूलो में प्रतिभा विकास कार्यक्रम | महिला से शक्ति करण एव आत्म निभन अभियान

बच्चो को व्यवहारिक शिक्षा | रोजगार ट्रैनिंग | सूचना का अधिकार कार्यक्रम

सद्भावना समिति (पंजी0) मेरठ
E- sadbhavnasamitimeerut@gmail.com, W- 9219660359/9219660360
श्रीकृष्ण भवन, 283 वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ- 250001

अपनी प्रतिभा विस्तारित कीजिए
अवसर है, कही भी हों, कोई भी हों, उम्र जो भी हों, विषय भी कोई हो
सहयोग राशि हेतु 80 जी आयकर छूट उपलब्ध है।
आपके घर के निकट निशुल्क योग साधना हेतु योग विज्ञान संस्थान, सुनिल जी 9412208038, धनिराम जी 7817080979,
श्रीमति अकक्षमा त्यागी 9536372885, श्री प्रदीप जी 9412663721, भारतीय योग संस्थान, श्री आर एस चौहान 9412802511
WATCH SHARE & SUBSCRIBE | @SADBHAVNA WAVES / @SHRAM SHIKHAR | online/offline Program fully available Call 9219660359 | ऑनलाइन/ऑफलाइन कार्यक्रम कवरेज लाईव/रिकॉर्डिंग उपलब्ध है।

आपके मन की बात!
लिखें या अभिव्यक्त करें YouTube
विषय: ★ संविधान के उपयोग की संभावना और सार्थकता हमारे विकास के साथ! ★ वर्तमान मुद्दों ★ प्रजातन्त्र अर्थात् प्रत्येक नागरिक शासक है और उसकी जिम्मेदारी है कि अपने जनप्रतिनिधि सेवक का मार्गदर्शन, मूल्यांकन, दिशा निर्देश करें।
अपना नाम शहर व्हाट्सऐप 9219660359 पर भेजें
आर.आर. एडवरटाईजिंग सर्विसिस
श्रीकृष्ण भवन, 283, वैस्टर्न कचहरी रोड, मेरठ– 250001

इच्छाओं और जरूरतों का समाधान
हिन्दी साप्ताहिक श्रम शिखर CITY MEERUT CLASSIFIED
www. shramshikhar.in, shramshikhar@gmail.com



EDUCATION
शिक्षा कार्य- शिक्षा संबन्धित जानकारियों और विभिन्न कोर्सो के विज्ञापन हेतू आवश्यकता/उपलब्धता